हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, सोमवार, 21 अक्टूबर, 2024

तापमान
अधिकतम 35.3 डिग्री
न्यूनतम 16.9 डिग्री

11 प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

12 सुहागिनों ने चंद्रमा को अर्घ्य देकर किया अपने 'चांद' का दीदार


## खबर संक्षेप

### कैंटर ने बाइक को टक्कर मारी, युवक की मौत

**खरखौदा।** फिरोजपुर बांगर गांव के पास कैंटर व मोटरसाइकिल की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। शुभम ने बताया कि वह अपने दोस्त निजामपुर खुर्द निवासी सागर के साथ बाइक पर औचंदी बॉर्डर जा रहे थे। जब वे फिरोजपुर बांगर गांव के पास पहुंचे तो एक कैंटर ने सागर की मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी। जिससे सागर बुरी तरह घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे सफदरजंग हॉस्पिटल दिल्ली ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर के बाहर से थार गाड़ी चोरी, केस

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र के वेस्टराम नगर में घर के बाहर से थार गाड़ी के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

वेस्टराम नगर निवासी मोहित रुहल ने बताया कि वह कार किराए पर देने का काम करता है। गत 17 अक्टूबर को वह राठधाना रोड पर गाड़ी लेकर गया था। उसके बाद वापिस आकर गाड़ी को गली के बाहर खड़ी करके अंदर चला गया। सुबह उठकर देखा तो गाड़ी गायब मिली। अपने स्तर पर गाड़ी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जंच अधिकारी एचसी प्रवीन ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

### कार ने दादा-पोते को टक्कर मारी, घायल

**गन्नौर।** चुलकाना-आहुलाना रोड पर मोटरसाइकिल सवार दादा-पोते को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार बुजुर्ग घायल हो गया। घायल के पोते ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में अटायल गांव निवासी सन्नी ने बताया कि वह 17 अक्टूबर की सुबह अपने दादा महावीर के साथ मोटरसाइकिल पर खेत से घर लौट रहा था। जब वह चुलकाना-आहुलाना रोड़ पर पहुचे तो चुलकाना की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी और चालक कार सहित मौके से फरार से हो गया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है।

# ग्राम ज्ञान केंद्र पर ताला, भड़के नाहरी के ग्रामीणों ने की नारेबाजी

## केंद्र पर अव्यवस्थाओं का आलम, 2 साल पहले खुला था गांव में केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

दो साल पहले खोले गए ग्राम ज्ञान केंद्र पर ताला लगा होने के विरोध में ग्रामीणों ने रविवार को प्रदर्शन किया। राई ब्लॉक के गांव नाहरी में हुए इस विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने यहां पर धरना भी दिया और नारेबाजी करते हुए बताया कि केंद्र पर अव्यवस्थाओं का आलम है, वहीं केंद्र पर ताला भी लगा रखा है। जिसकी वजह से विद्यार्थियों के लिये बनाया गया यह केंद्र केवल मात्र इमारत बनकर रह गया है। जिसका किसी भी व्यक्ति को लाभ नहीं मिल रहा।

■ ग्रामीण बोले, सुविधाएं न मिलने से गांव के बच्चे हो रहे परेशान

ग्रामीण पदम सिंह ने बताया कि गांव में बनाए गए ग्राम ज्ञान केंद्र का करीब दो साल पहले तत्कालीन सांसद रमेश कौशिक व तत्कालीन विधायक मोहनलाल बड़ौली ने उद्घाटन किया था। आरोप है कि सरकार ने जिस उद्देश्य से इस केंद्र का निर्माण किया था, वह पूरा नहीं हो रहा है। गांव के सरपंच ने इस केंद्र पर ताला लगाया हुआ है। जिस कारण केंद्र में झाड़ियां उगी हुई हैं, सफाई व्यवस्था बदहाल है। बार-बार कहने के बावजूद ताला नहीं खोला जा रहा। ऐसे में विद्यार्थी अपनी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तक नहीं कर पा रहे हैं। समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीण रविवार सुबह एकत्रित होकर ग्राम ज्ञान केंद्र के बाहर पहुंचे और धरना दिया। ग्रामीणों ने अपनी मांग को लेकर नारेबाजी। इस दौरान ग्रामीण पूर्व जिला पार्षद प्रमोद दहिया, राजीव दहिया, उमेद सिंह, नीरज दहिया, बृजेश दहिया, रविंद्र दहिया, काला पहलवान, संदीप दहिया, सक्षम दहिया, आर्यन, मिलन, पंच ओमप्रकाश, पंच प्रमोद, पंच पूजा, पंच मंदीप, पंच मंजू, पंच मंगतू, पंच अरुण सहित अन्य ग्रामीण व बड़ी संख्या में युवा शामिल रहे।


**सोनीपत।** नाहरी में ग्राम ज्ञान केंद्र के बाहर विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण।

### 750 गांवों में खोले गए ग्राम ज्ञान केंद्र

ग्राम ज्ञान केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसके तहत गांवों को हाईटेक बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के करीब 750 गांवों में ग्राम ज्ञान केंद्र (विलेज नॉलेज सेंटर) खोले गए थे। इन केंद्रों को खोलने के लिए उन गांवों का चयन किया गया था, जिनकी जनसंख्या तीन से दस हजार तक है। एक केंद्र पर करीब 30 लाख रुपये की राशि खर्च की गई थी। इन केंद्रों में ग्रामीणों को एक ही छत के नीचे सभी तरह की सुविधाएं मुहैया करवाने का दावा किया गया था। साथ ही यहां कंप्यूटर प्रोजेक्टर के साथ किसानों के लिए कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें उन्नत तकनीक व योजनाओं के बारे में जानकारी दी जानी थी। यहां सरपंच से लेकर ग्राम सचिव, कृषि अधिकारी के बैठने की व्यवस्था की गई थी। यह केंद्र ग्राम सचिवालय की तरह बनाए गए थे।

### केंद्र को जल्द खुलवाया जाएगा

- यह मामला संज्ञान में नहीं है। ग्राम ज्ञान केंद्र नाहरी में पहुंचकर जांच करवाई जाएगी। अगर केंद्र को बंद किया गया है तो उसे खुलवाया जाएगा।
**जितेंद्र कुमार**, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, सोनीपत

### केंद्र में काम अभी अधूरा, सफाई करवाई जा रही

गांव में बनाए गए ग्राम विकास केंद्र में अभी काम अधूरा पड़ा है। पिछले दिनों यहां से नेम प्लेट भी चोरी हो गई थी। शौचालय के बीच होद खुला पड़ा है। जिसमें कोई बच्चा गिरकर हादसे का शिकार हो सकता है। सरकार की तरफ से भेजी गई कुर्सियां व मेज अंदर रखवाई गई हैं। बच्चों व सामान की सुरक्षा को देखते हुए ही ताला लगाया गया था। परिसर में सफाई करवाई जा रही है। काम पूरा होते ही खोल दिया जाएगा।
**रविंद्र दहिया**
सरपंच पति, ग्राम पंचायत, नाहरी

# नांगल कलां के शंकर बने जज, गांव में खुशी की लहर


**राई।** जज बने शंकर को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते पूर्व मार्किट कमेटी चेयरमैन कुलदीप नांगल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई

गांव नांगल कलां के किसान परिवार के बेटे शंकर का हरियाणा न्यायिक सेवा की परीक्षा पास कर जज बनने पर गांव में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के ही एवं पूर्व मार्किट कमेटी के चेयरमैन कुलदीप नांगल,गांव के सरपंच अनिल सहित पूरे गांव के युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं ने अपने बेटे के जज बनने पर फूलमालाओं से स्वागत किया। पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल ने कहा कि उनके सहपाठी रहे ऋषिपाल के बेटे के जज बनने पर उन्हें बहुत खुशी है। जज बने शंकर ने अपनी मेहनत, दृढ संकल्प के बल पर सफलता हासिल की है। उन्होंने गांव के अन्य युवाओं से भी आह्वान किया कि वे मेहनत लग्न से शिक्षा ग्रहण करे, जीवन में सफलता जरूर मिलेगी। बेटे के जज बनने की खबर मिली, तो गांव व क्षेत्र के लोग खुशी से झूम उठे। जज बने शंकर ने संबोधित करते हुए कहा कि गांव में उन्हें इनता मान- सम्मान मिला हे। उसे वे कभी नही भूला पाएगा। इस मौके पर पूर्व सरपंच रामकिशन, गांव के सरपंच अनिल, राजेन्द्र, पूर्व सरपंच बिटटू, धर्मबीर, देवेन्द्र, कर्ण, रोहित, गौरव, विवेक, अजय, दीपक, विजय, अंकित आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मोबाइल व नकदी छीनने काआरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने चाकू की नोक पर रुपये, मोबाइल फोन व आभूषण छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राकेश निवासी नरेला का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वारदात में शामिल तीन आरोपितों को पुलिस ने पहले गिरफ्तार कर लिया था।

एक महिला ने 14 मार्च 2020 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में नौकरी करती है। वह देर शाम को ड्यूटी खत्म करके पैदल-पैदल घर जा रही थी। रास्ते में बाइक सवार युवकों ने उससे चाकू की नोक पर बारह हजार रुपये, मोबाइल फोन व सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक पवित्र की टीम ने तीन आरोपितों को पहले काबू कर लिया था।

## भाई के साथ झगड़े की रंजिश में युवक को चाकू घोंपा, घायल पीजीआई रेफर

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव गुहणा में भाई के साथ हुए झगड़े की रंजिश में युवक को बीच रास्ते रोककर पेट व सीने पर चाकू से हमला कर दिया गया। हमलावर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। परिजन घायल को उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचे। जहां युवक को गंभीर हालत में पीजीआई रोहतक में भेज दिया। जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव गुहणा निवासी सागर ने बताया कि वह खरखौदा की कंपनी में काम करते हैं। वह 13 अक्टूबर की रात को नौ बजे अपने गांव गुहणा आए थे। जब गांव में चौपाल के पास पहुंचे तो गांव के रोहित व मोहित ने उन्हें रोक लिया था। उन्होंने उसे धमकी दी थी कि तेरे भाई ने उसके भाई के साथ झगड़ा किया था। उसी रंजिश में मोहित ने हाथ में लिए चाकू से उनकी कमर, सीने और पेट से वार करने शुरू कर दिए। रोहित ने लात व घुस्से मारने शुरू कर दिए। जिससे वह जमीन पर गिरकर बेहोश हो गए। जब उन्हें होश आया तो वह रोहतक पीजीआई में थे। मामले की सूचना के बाद पहुंची पुलिस के सामने उन्होंने बयान देने की स्थिति में नहीं होने की बात कही थी। परिजनों ने थाने में आकर बयान देने की बात कही थी। उन्होंने बताया कि वारदात के बाद गांव में कई बार समझौते को लेकर पंचायत हुई, लेकिन समाधान नहीं हो सका। अब उसने मामले की शिकायत मोहाना थाना पुलिस को दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द हमलावरों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## युवक पर चाकुओं से हमला करने के आरोपी काबू

सोनीपत। कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने युवक को जान से मारने की नीयत से छाती पर तेजधार हथियार से हमला करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुशील उर्फ बॉबी निवासी नाथूपुर व तनवीर निवासी सीतामढ़ी यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

गांव खेवड़ा निवासी कपिल ने गत 17 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह अपने दोस्त रामबीर, दिनेश के साथ छोटा हाथी टेंपो में गांव के मेन रोड पर संतोष ढाबे पर खाना पैक करवाने के लिए गए थे। कुछ देर समीर उर्फ बच्ची खाना खाने के लिए संतोष ढाबे पर आया। समीर पहले अंकित नाथुपूर का चालक था जो अब दिनेश के पास चालक की नौकरी करता था। उसी दौरान अंकित अपनी बुलेट मोटर साइकिल ले कर संतोष ढाबे पर आ गया। उन्होने समीर को अपने साथ ले जाने के लिए आवाज लगाई तो समीर ने आने से मना कर दिया। तो इसी बात को ले कर अंकित ने समीर के साथ मारपीट करने लगा। उसी दौरान अंकित के दोस्त अपनी गाड़ी लेकर संतोष ढाबे पर आए। जो गाड़ी से तीन व्यक्ति उतर कर उनके चारों के साथ मारपीट करने लगे। अंकित के दोस्त अपनी गाड़ी लेकर भाग गए। अंकित कुछ देर बाद अपने पिता सुनिल व उसके गाडी ड्राइवर रफीक, आजाद व एक अन्य साथी के साथ अपनी गाड़ी में बैठकर संतोष ढाबे पर आ गए। दोबारा से उनके साथ मारपीट करने लगे। अंकित ने तेज धार चाकू से जान से मारने की नीयत से उसके दोस्त दिनेश की छाती में चाकू मार दिया। उसे बाद वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए उसे नागरिक अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक कुलदीप की टीम ने वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपितों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।


**सोनीपत।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

### महिला को जहरीला पदार्थ पिलाने का आरोपी काबू

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना सोनीपत पुलिस ने महिला को जान से मारने की नीयत से जहरीला पदार्थ खिलाने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राहुल निवासी लिवासपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।एक महिला ने गत 13 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसके ससुराल वाले उसके साथ मारपीट करते है। उसे मानसिक व शारीरिक तौर से प्रताड़ित रखते है। गत 10 अक्टूबर को शाम करीब नौ बजे उसके पति, ननद ने मिलकर जहरीला पदार्थ जबरदस्ती पिलाने की कोशिश की। उसे पकड़कर मुंह में जहरीला पदार्थ डाल दिया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उसका उपचार किया गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के बयान दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए सहायक उप निरीक्षक सुभाष ने बताया कि वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# आईटीआई में एडमिशन के लिए फिर खोला पोर्टल, अब 30 अक्टूबर तक होंगे दाखिले

## दाखिलों से वंचित रहे विद्यार्थियों को राहत, ऑन द स्पॉट होगा एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में दाखिलों के लिये फिर से पोर्टल खोल दिया गया है। 30 अक्टूबर तक आईटीआई में ऑन द स्पॉट दाखिले होंगे। अब तक किन्हीं कारणों से दाखिला लेने से वंचित रहे विद्यार्थियों के लिए यह राहत की खबर है। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के इस फैसले से आईटीआई प्रबंधन को भी रिक्त सीटें भरने की उम्मीद जगी हैं।

जिले की 13 आईटीआई में 3956 सीटों पर दाखिले के लिए शुरू की गई आवेदन प्रक्रिया के बाद करीब चाह माह तक चली दाखिला प्रक्रिया के बावजूद सीटें रिक्त रह गई थी। सभी आईटीआई में 20 से 35 फीसदी तक सीटें रिक्त हैं। जिसे देखते हुए संस्थान प्रबंधन की मांग पर कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने एक बार फिर ऑन द स्पॉट दाखिला प्रक्रिया शुरू करने के लिए पोर्टल खोल दिया है। जिसके तहत विद्यार्थियों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दाखिले दिए जाएंगे।

लागू नहीं होगा आरक्षण



■ नए व पुराने पंजीकरण के आधार पर दाखिला ले सकेंगे विद्यार्थी

आईटीआई में 30 सितंबर को दाखिला प्रक्रिया संपन्न हो गई थी। जिले की अधिकतर आईटीआई में रिक्त पड़ी सीटों को देखते हुए दोबारा दाखिला प्रक्रिया शुरू की गई है। जिसके तहत पुराने व नए आवेदनों की संयुक्त मेरिट जारी की जाएगी। इसमें किसी भी प्रकार का आरक्षण लागू नहीं होगा। विद्यार्थी को दोपहर 12 बजे तक अपना मेरिट कार्ड जमा करवाना होगा। मेरिट सूची में नाम आने पर संबंधित संस्थान में स्वयं मौजूद रहकर दाखिला लेना होगा।

### छात्रों को ऑनलाइन जमा करवानी होगी फीस

**गन्नौर।** आईटीआई करने वाले छात्रों को प्रवेश के लिए एक और अंतिम मौका मिल गया है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजलू गढ़ी के



प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने बताया कि निदेशालय द्वारा प्रदेश के सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए अंतिम अवसर प्रदान करते हुए रिक्त सीटों पर ऑन द स्पॉट दाखिला 30 अक्तुबर तक प्रतिदिन संस्थान स्तर पर किया जाएगा। दाखिला पोर्टल पर आवेदन होगा और दाखिला नए एवं पुराने आवेदनों की संयुक्त मेरिट के आधार पर किया जाएगा। इसमें किसी प्रकार का आरक्षण लागू नहीं होगा। संस्थान में दाखिले के लिए छात्र दाखिला फीस ऑनलाइन जमा करवाने हेतु संस्थान में आकर मेरिट कार्ड दाखिला पोर्टल से अपलोड करवाएं।

# सेक्टर वेलफेयर कमेटी की नई कार्यकारिणी गठित



**गोहाना।** रविवार को सेक्टर 7 वेलफेयर कमेटी की त्रिवार्षिक नई कार्यकारिणी गठित की गई। चुनाव कार्यक्रम की अध्यक्षता कमेटी के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र मलिक और चेयरमैन रामफल ने की।

■ त्रिवार्षिक कार्यकारिणी में रमेश सैनी अध्यक्ष और प्रदीप मलिक उपाध्यक्ष बने

नई कार्यकारिणी में रमेश सैनी को अध्यक्ष, प्रदीप मलिक को उपाध्यक्ष, आजाद सिंह को महासचिव, ओमप्रकाश को सचिव, सुभाष शर्मा को कोषाध्यक्ष, एडवोकेट अशोक लठवाल को कानूनी सलाहकार और महेश शर्मा को प्रैस सचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई। कमेटी के सदस्य तेजेंद्र सिंह, नरेंद्र मलिक, लक्ष्मण मलिक, जगबीर कुंडू, सुभाष वर्मा, राजवीर मोर, राममेहर नरवाल, राममेहर मान, मोनू चुघ, सुनील कुमार भंडेरी और वशदेव को चुना गया। बैठक में कार्यकारिणी के प्रतिनिधियों ने सेक्टर में विकासकार्यों को लेकर विशेष चर्चा की।

इस अवसर पर प्रवीन, राजेश रोहिल्ला, सुभाष मलिक, आजाद, राजीव सिंह, राजेश राठी, नरेंद्र मलिक, करमवीर सैनी, सत्यानारायण शर्मा, धर्मवीर, रविंद्र जागसी और दलबीर मलिक मौजूद रहे।

# युवक का पेन कार्ड लेकर कर दिया लाखों का लेन-देन


**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र के प्रगति नगर के रहने वाले युवक ने गुरुग्राम की कंपनी पर उनके पेन कार्ड का दुरुपयोग कर कंपनी के बैंक खाते में लिंक कराने के बाद लाखों रुपये के लेनदेन का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत सीएम विंडो पर दी।

■ पीड़ित ने सीएम विंडो में शिकायत देकर लगाई न्याय की गुहार, केस

### जीरो एफआईआर

जिसके बाद पुलिस ने जांच कर जीरो एफआईआर दर्ज कर ली है। प्रगति नगर निवासी तरुण कुमार ने सीएम विंडो पर शिकायत दी है कि उन्होंने सितंबर, 2017 से जनवरी 2018 तक गुरुग्राम में टीआर साहने ऑटोमोबाइल कंपनी में नौकरी की थी। वह कंपनी में ईडीपी के पद पर थे। उन्होंने नौकरी के लिए आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड व फोटो सहित अन्य कागजात दिए थे। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी का बैंक खाता सेक्टर 54 गुरुग्राम में है। इसकी जानकारी दिए बिना उनका पेन नंबर कंपनी के बैंक खाते में लिंक करा दिया गया। उनके पेन कार्ड का गलत प्रयोग करते हुए वर्ष 2018 से 2020 तक उनके पैन कार्ड से लिंक बैंक खाते में काफी लेन देन किया गया। आरोप है कि उनकी जानकारी में लेनदेन का मामला नहीं था। उसे आयकर विभाग का नोटिस मिला तो जांच करने पर पता चला कि उनके नाम पर भारी लेनदेन किया गया है। उन्होंने बैंक की शाखा में जाकर पूछताछ की तो बताया गया कि उनका पेन कार्ड करंट अकाउंट से लिंक था। बैंक वालों ने उनकी डिटेल देने से मना कर दिया। इसके बाद उन्हें लगातार आयकर विभाग से नोटिस मिलने शुरू हो गए। उन्होंने पुलिस को शिकायत दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। बाद में सीएम विंडो पर इसकी शिकायत दी गई। जिसके बाद मामले की जांच कर एसीपी स्तर के अधिकारी ने कार्रवाई के लिए लिखा। अब सोनीपत शहर थाना में जीरो एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले में आगामी कार्यवाही गुरुग्राम टीम करेगी।

*जिंदगी को आसान नहीं बल्कि*
*खुद को मजबूत बनाना पड़ता है।*
*सही समय कभी नहीं आता*
*बस समय को सही बनाना पड़ता है।*
**- डा. एपीजे अब्दुल कलाम**



*लगातार तीन दिन से हो रही बारिश ने सुमित्रा की मुश्किलें बढ़ा दी थी। घर का सारा राशन समाप्त हो चुका था। छोटे बेटे की तबियत और खराब हो गयी थी। मजदूरी के पैसे भी खत्म हो चुके थे। किससे मदद मांगे। भूख के मारे बच्चों की हालत खराब हो चुकी थी। पीपे को खोलकर देखा तो उसमें थोड़े से चावल पड़े थे लेकिन वह पर्याप्त नहीं थे।*





कहानी
**प्रवीन वर्मा 'राजन'**

# देवता

*'जी, मुझे कम्मो ने भेजा है, मेरे पास खाने को अन्न का एक दाना नहीं है। बेटे की तबियत बहुत खराब है। तीन दिन से हम लोगों ने कुछ भी नहीं खाया है। आप मेरी मदद कर दो। इसके बदले में आप चाहे मेरे साथ कुछ भी कर लो।' एक सांस में ही इतना कहकर सुमित्रा ने अपनी साड़ी उतारनी शुरू कर दी।*
*'अरे ये क्या कर रही हो ? तुम पागल हो गयी हो क्या? ठेकेदार साहब चिल्लाए।*

सभी मजदूरों के साथ सुमित्रा और कम्मो भी मुंशी के सामने इकठ्ठा हो गए।

मुंशी ने कहा- 'देखो, बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही है। इससे काम ठीक से नहीं हो पा रहा है। तुम लोग अपना हिसाब कर लो, अब बरसात बाद ही काम शुरू हो पायेगा।' मुंशी ने सबको उनकी मजदूरी दे दी।

सुमित्रा और कम्मो भी बुझे मन से सभी मजदूरों के साथ अपने घर लौट गईं। सुमित्रा विधवा और तीन बच्चों की मां थी और बहुत ही गरीब थी। मजदूरी करके अपना और अपने बच्चों का पेट पालती थी। मगर इस बरसात ने सुमित्रा की कमर तोड़ दी थी। करमजली बरसात भी बंद होने का नाम नहीं ले रही- मन ही मन बुदबुदाई सुमित्रा।

'अम्मा तिरपाल से पानी टपक रहा है।'

'हां बिटिया,सुमित्रा फ़टे हुए तिरपाल को देखकर बोली।' पन्नी, बांस, तिरपाल तानकर किसी तरह अपना छोटा सा आशियान बनाया था। उस पर भी नगर निगम वाले जब तब गिरा देते थे। लगातार तीन दिन से हो रही बारिश ने सुमित्रा की मुश्किलें बढ़ा दी थी। घर का सारा राशन समाप्त हो चुका था। छोटे बेटे की तबियत और खराब हो गयी थी। मजदूरी के पैसे भी खत्म हो चुके थे। किससे मदद मांगे। भूख के मारे बच्चों की हालत खराब हो चुकी थी। पीपे को खोलकर देखा तो उसमें थोड़े से चावल पड़े थे लेकिन वह पर्याप्त नहीं थे। थोड़ी सी लकड़ियां बची थीं, चूल्हा जलाने के लिए। किसी तरह चूल्हा जलाकर भात बनाया और बच्चों को खिलाने लगी।

बड़ी बिटिया बोली- 'अम्मा मुझे भूख नहीं है, छोटे और दीनू को खिला दो।'

सुमित्रा जानती थी कि मुसीबतों ने नौ साल की बिट्टो को समय से पहले ही बड़ा कर दिया। थोड़े से भात से छोटे और दीनू का पेट न भर सका।

'अम्मा नमक भात से अब पेट नहीं भरता, सब्जी दाल कब बनाओगी।' सुमित्रा की तरफ हसरत भरी निगाहों से देखते हुए दीनू ने कहा!

'कल हम लोग दाल बनाएंगे।'सुमित्रा ने दिलासा दी। आज तो किसी तरह समझा-बुझाकर दोनों बच्चों को सुला दिया। कल क्या होगा? बिट्टो और खुद भूखी ही लेट गयी। सुमित्रा की आंखों से नींद कोसों दूर थी। बच्चों के भूख से बिलखते चेहरे को याद करते-करते कब सुबह हो गयी, पता ही नहीं चला।

बिट्टो ने जगाया और कहा, 'अम्मा छोटे की तबियत और बिगड़ गयी।'

सुमित्रा भागकर छोटे के पास गई और उसे गोदी में उठाकर रोने लगी। बुखार से उसका शरीर तप रहा था। बरसात बंद होने का नाम नहीं ले रही। सुमित्रा की समझ में नहीं आ रहा था कि वह क्या करे। मजदूरों की कोई सुध भी लेने वाला नहीं। सुमित्रा को कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा था। वह भागकर थोड़ी ही दूरी पर रह रही कम्मो के घर गयी। दरवाजा खटखटाया।

कम्मो ने दरवाजा खोला और बोली, 'अरे सुमित्रा क्या हुआ?' सुमित्रा ने रोते हुए कहा, 'घर में खाने को कुछ नहीं है। पैसे भी नहीं हैं कि कुछ खरीद सकूं। छोटे की तबियत बहुत खराब है। मेरी थोड़ी मदद कर दे।'

'मेरे पास भी एक दो दिन की व्यवस्था है। अगर मैं तुझे दे दूंगी तो मेरा परिवार क्या करेगा'। साफ मना कर दिया कम्मो ने।

'...तो मैं क्या करूँ बताओ, कोई काम ही दिलवा दो', लगभग हाथ जोड़ते हुए सुमित्रा ने कहा।

'इस बरसात में हम मजदूरों को कौन काम देगा। ...हां, एक उपाय है, अगर तू कर सके तो बोल।'

'कौन सा उपाय' सुमित्रा बोली?

'वो जो छोटे ठेकेदार साहब हैं, यहीं पास ही उनका घर है। उनके घर जा, वो जो कहे वो कर देना बस। समझो तेरा दुख दूर हो गया।'

'क्या करना होगा मुझे'-सुमित्रा ने पूछा।

'अब इतनी भोली भी मत बन', कम्मो ने क्रोधित होते हुए कहा।

'मैं सही में नहीं समझी कम्मो। तू साफ-साफ बता।'

'उनकी इच्छा पूरी कर देना बस, वो तुम्हारी गरीबी दूर कर देंगे।'

'ये क्या कह रही है तू, मदद नहीं कर सकती तो गलत सलाह तो मत दे', लगभग चीखते हुए सुमित्रा ने कहा और वहां से भागकर अपने घर आ गयी।

बिट्टो ने पूछा- 'अम्मा कुछ खाने को लायी क्या? दीनू और छोटे बहुत भूखे हैं।'

सुमित्रा ने अपना सिर न में हिला दिया। क्या करें क्या न करे। इसी उधेड़बुन में शाम हो गयी। वह किराने की दुकान पर कुछ सामान लेने गयी। पिछला उधार होने के कारण उसने भी भगा दिया। रात हो गयी किसी ने मदद नहीं की। बच्चे भूख से बिलख रहे थे। उसने खुद और बिट्टो ने दो दिन से कुछ नहीं खाया था। बरसात रुकने का नाम नहीं ले रही थी। सुमित्रा स्वाभिमानी औरत थी, जिस्म का सौदा उसे मंजूर नहीं था।

लेकिन छोटे की बीमारी, भूख, टपकता तिरपाल आज उसे अपने स्वाभिमान से समझौता करने को मजबूर कर रहा था। उसका मन उसे धिक्कार रहा था कि तू कैसी मां है, जो बच्चों की भूख भी नहीं मिटा सकती। अचानक आंसू पोछकर वह उठी और बिट्टो से बोली, 'बिट्टो तू छोटे का ख्याल रख , मैं कुछ खाने को लेकर आती हूं।

'अम्मा जल्दी आना, बहुत भूख लगी है।'

सुमित्रा भारी मन से कम्मो के बताए पते पर चल दी। थोड़ी ही देर में वह उस घर के सामने खड़ी थी। दरवाजा खटखटाया तो एक बूढ़े ने दरवाजा खोला और पूछा- 'क्या हुआ, किससे मिलना है?'

'जी बाबू जी से', सुमित्रा बोली।

'अंदर आओ, तुम तो पूरी तरह भीग गयी हो। ये लो अंगौछा, इससे सूखा लो खुद को।'

अंदर से आवाज आई, - 'कौन है काका?'

'आपसे मिलने आयी है ,भेज दूं' बूढ़े काका ने कहा।

'भेज दो।'

'जाओ बिटिया।'

बिटिया शब्द सुनकर सुमित्रा को कुछ अपनापन महसूस हुआ। सकुचाते हुए सुमित्रा अंदर चली गयी। एक बड़े से हाल में चश्मा लगाए ठेकेदार साहब बैठे थे। उन्होंने पूछा, 'कौन हो तुम और हमसे क्या काम है?

'जी, मुझे कम्मो ने भेजा है, मेरे पास खाने को अन्न का एक दाना नहीं है। बेटे की तबियत बहुत खराब है। तीन दिन से हम लोगों ने कुछ भी नहीं खाया है। आप मेरी मदद कर दो। इसके बदले में आप चाहे मेरे साथ कुछ भी कर लो।' एक सांस में ही इतना कहकर सुमित्रा ने अपनी साड़ी उतारनी शुरू कर दी।

'अरे ये क्या कर रही हो ? तुम पागल हो गयी हो क्या? ठेकेदार साहब चिल्लाए।

'बाबू जी मेरे पास आपको देने के लिए इसके अलावा कुछ भी नहीं है।'सुमित्रा बोली।

'पहले अपनी साड़ी पहनो' - ठेकेदार साहब बोले। 'तुमको किसने ये सब बताया?'

'जी कम्मो ने।' सुमित्रा बोली।

'किसी की मजबूरी का फायदा उठाना मेरे संस्कारों में नहीं है। मैं कोई ऐसा वैसा आदमी नहीं हूँ। तुमको किसी ने गलत जानकारी दी है।' फिर उन्होंने काका को आवाज दी।

'जी, साहब जी।'काका बोले।

'काका, इसको कुछ खाने को दे दो और ये कुछ बुखार की दवाइयां पड़ी है वो भी दे दो।'

काका ने एक बड़े टिफिन में ढेर सारा खाना और दवाइयां सुमित्रा को दीं।

सुमित्रा की समझ में नहीं आ रहा था कि कम्मो ने जिस आदमी के विषय में क्या बताया था, वह तो देवता निकले।

खाना लेकर सुमित्रा जैसे ही निकलने लगी। बाबू जी ने कहा- 'रुको।' एकदम से सहम गयी सुमित्रा। पास आकर बाबू जी बोले, 'अपना नाम तो तुमने बताया ही नहीं।'

'जी.. सुमित्रा।'

'देखो सुमित्रा, मेरे घर में मैं और काका ही रहते हैं। काका भी अब बूढ़े हो गए हैं। इनसे घर का काम ठीक से नहीं हो पाता। अगर तुम्हारा मन हो तो मेरे घर का काम कर दिया करो। बदले में तुम्हे खाना और महीने में पैसा मिल जाएगा। और पीछे एक कमरा खाली है उसमें तुम अपने बच्चों के साथ रह भी सकती हो। सुमित्रा ने सहमति से सिर हिला दिया और अपने घर की ओर चलते-चलते सोचने लगी कि आज भी इस दुनिया में इंसानियत जिंदा है।

कविता
**चीनू अग्रवाल**

## ज्ञान का भंडार



*नन्हे नन्हे कदमों को,*
*दुनिया की दौड़ में दौड़ना सीखते हैं।*
*मासूम से मन को,*
*दुनियादारी समझते हैं।*

*छोटे-छोटे ख्वाबों को,*
*हकीकत में बदलना सिखाते हैं।*
*हर चीज का बोध कराके,*
*ज्ञान को आगे बढ़ाते हैं।*

*तरह-तरह की मुश्किलों से,*
*जिंदगी में लड़ना सिखाते हैं।*
*मन अंधेरे को दूर करके,*
*जीवन को चमकाते हैं।*

*छोटे-छोटे पाठ पढ़कर,*
*बड़े-बड़े डॉक्टर, इंजीनियर भी बनाते हैं,*
*ज्ञान को बांट कर,*
*देश को श्रेष्ठ बनाते हैं।*

*सही गलत का फर्क बता कर,*
*राहों को सरल बनाते हैं।*
*बंद हो जाते जब सब दरवाजे,*
*नया रास्ता दिखलाते हैं।*

*कुम्हार मिट्टी को आकार देकर,*
*जैसे घड़ा बनाते हैं।*
*वैसे ही नादान मन को ज्ञान देकर,*
*अच्छा इंसान बनते हैं।*

*आने वाले कल की चुनौतियों के लिए,*
*तैयार यह करवाते हैं।*
*क्या करना है जीवन में आगे,*
*यह हमें सिखलाते हैं।*

*ज्ञान का भंडार ये हैं,*
*अज्ञानता का अंधेरा हटाते हैं,*
*हौंसले बुलंद बनाते हैं।*
*तभी तो यह शिक्षक ये कहलाते हैं।*

**क्षमा उर्मिला**

## अंधेरों की परवरिश



क्या ये अंधेरों की परवरिश है
जो चाँद इतना चमक रहा है

कोई तो रिश्ता है रोशनी से
अंधेरा सदियों से संग खड़ा है

जो एक दिन छू लिया था तुमने
वो पतझड़ों में शजर हरा है

हम अपनी धड़कन से थक गये
है सांसें छोटी या दिन बड़ा है

उदासियां क्यूँ हैं हर ख़ुशी संग
दिल लम्हे लम्हे से लड़ रहा है

सुना है मैदाने जिंदगी में
कभी ख़ुशी का शहर रहा है

दिया था चुपके से मुट्ठियों में
मेरा भरोसा कहाँ गिरा है

बड़ा है तन में, अड़ा है मन में
ये दर्द थोड़ा सा सरफिरा है

मगर प्रभू साथ चल रहे है
ये आसमानों का फैसला है

अगर में बिखरी हर एक ज़र्रा
स्नेह के रंग से ही भरा है

**संजय सिंह चौहान**

## राजू की सच्ची दीपावली



बहुत समय पहले, एक छोटे से गाँव में नन्हा राजू अपने माता-पिता के साथ रहता था। राजू को त्योहारों का बहुत शौक था, और जब दीपावली का समय आया, तो वह बहुत उत्साहित हो गया। हर वर्ष की तरह, इस बार भी गाँव में दीपावली की तैयारी बड़े जोश और धूमधाम से हो रही थी। बाजार रंग-बिरंगी रोशनी, मिठाइयों, और खिलौनों से सजा हुआ था। हर घर के बाहर दीयों की कतारें लगाने की तैयारी हो रही थी, और लोग नए कपड़े खरीदने के लिए उत्साहित थे। राजू के पिता ने उसे बताया, ₹दीपावली अंधकार पर प्रकाश की विजय का त्योहार है। यह भगवान राम के अयोध्या लौटने की खुशी में मनाया जाता है, जब उन्होंने रावण को पराजित किया था और चौदह वर्षों के वनवास के बाद लौटे थे, उस दिन पूरे अयोध्या नगरी को दीयों से सजाया गया था, और तभी से दीपावली का त्योहार हर वर्ष मनाया जाता है। राजू को यह कहानी बहुत पसंद आई, और उसने सोचा, ₹अगर मैं भी रोशनी फैला सकूं और अंधकार को दूर कर सकूं, तो यह कितना अच्छा होगा! राजू के घर के पास एक निर्धन परिवार भी रहता था, जिनके पास इतने पैसे नहीं थे कि वे दीपावली की तैयारी कर सकें। उस परिवार के बच्चे भी राजू की तरह दीपावली मनाना चाहते थे, लेकिन उनके पास न नए कपड़े थे, न मिठाइयाँ और न ही दीये। राजू ने यह देखा और उसे बहुत दुख हुआ। वह सोचने लगा कि अगर यह त्योहार खुशियों और रोशनी का है, तो इन्हें क्यों अंधकार में रहना पड़े? उसने अपनी गुल्लक तोड़ी, जिसमें उसने बहुत पैसे बचा रखे थे। राजू ने अपने माता-पिता से कहा, ₹मैं चाहता हूँ कि इस बार हम इस निर्धन परिवार के साथ दीपावली मनाएँ। राजू के माता-पिता उसकी इस सोच से बहुत खुश हुए। वे बाजार गए और उस परिवार के लिए नए कपड़े, मिठाइयाँ, और ढेर सारे दीये खरीद कर लाए। जब दीपावली की रात आई, राजू ने अपने माता-पिता के साथ उस परिवार के घर के बाहर दीपक जलाए। उसने बच्चों को नए कपड़े पहनाए और सबने मिलकर मिठाइयाँ खाईं। वह रात सचमुच अद्भुत थी। चारों ओर दीयों की रौशनी फैल चुकी थी और बच्चे खुशी से उछल रहे थे। राजू को उस रात बहुत खुशी हुई, क्योंकि उसने महसूस किया कि सच्ची दीपावली तभी होती है जब हम दूसरों के जीवन में भी खुशियों और रोशनी का दीपक जलाएं। इस तरह, उस गाँव में दीपावली का त्योहार हर वर्ष की तुलना में इस बार और भी विशेष बन गया। सबने मिलकर दीप जलाए, मिठाइयाँ बाँटी, और खुशियाँ मनाईं। और राजू ने एक बड़ी सीख सीखी—दीपावली का वास्तविक उद्देश्य सिर्फ अपने घर को सजाना नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में भी प्रकाश और प्रसन्नता लाना है। इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि दीपावली का पर्व केवल अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का नहीं है, बल्कि यह प्रसन्नता और प्रेम बांटने का भी त्योहार है।

**साहित्यकार कमलेश भारतीय हिंदी साहित्य के पाठकों और नवलेखकों को संदेश देते हैं कि दूसरों के श्रेष्ठ साहित्य को खूब पढ़िए। जैसे खेत में खाद डालते हैं ऐसे काम करता है यह श्रेष्ठ साहित्य पढ़ना। नए से नए रचनाकार को भी देखिए कि वह कैसे कहानी बुनता है। वह ख़ुद प्रतिदिन सुबह एक अच्छी रचना से दिन शुरू करते हैं। जैसे लोग गीता का अध्याय पढ़ते हैं, वह भी कोई एक अच्छी रचना पढ़ते हैं।**

साक्षात्कार
**डॉ. तबस्सुम जहां**

# संवेदना से याद की जाती हैं कहानियां : कमलेश भारतीय



हरियाणा साहित्य अकादमी में उपाध्यक्ष के पद पर रहे स्वतंत्र पत्रकार के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले बेहद जिंदादिल शख्सियत कमलेश भारतीय साहित्य के क्षेत्र में भी बेहद लोकप्रिय नाम हैं। कमलेश भारतीय को हाल ही में नोएडा में आयोजित मारवाह साहित्य समारोह में साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए साहित्य रत्न सम्मान प्रदान किया गया। कमलेश भारतीय मूलतः पंजाब के नवांशहर के रहने वाले हैं, पर पिछले 27 साल से हिसार में रह रहे हैं। कमलेश भारतीय महज सत्रह वर्ष की आयु में शिक्षक से, प्राध्यापक एवं प्राचार्य के पदों पर अपनी सेवाएं देने के बाद दैनिक ट्रिब्यून चंडीगढ़ में मुख्य संवाददाता रहे। उसके बाद अब तक इनके दस कथा संग्रह हिंदी साहित्य की धरोहर बन चुके हैं।

पंजाबी, उर्दू, अंग्रेजी, मराठी, डोंगरी, बंगला आदि भाषाओं में इनकी रचनाएं अनुवादित हो चुकी हैं। आपकी कृति 'एक संवाददाता की डायरी' को केन्द्रीय हिंदी निदेशालय नई दिल्ली द्वारा पुरस्कृत किया गया। 28 सितंबर को रोहतक में हुए हाइफ़ा के वार्षिक समारोह में कमलेश भारतीय को भी सम्मनित किया गया। उसी दौरान एक विस्तृत चर्चा में सोशल मीडिया और साहित्य विषय पर उन्होंने खुलकर अपने विचार रखे। उन्होंने चिंता प्रकट कि आजकल सोशल मीडिया आने से हर तीसरा शख्स कवि, कहानीकार, ग़ज़लकार बन गया है। यह बहुत दुखद है और साहित्य के लिए सही दौर नहीं है। रात रात भर जाग कर पढ़ना, लिखना, रचना को संवारना यह सब जैसे बीते कल की बातें हो गई हैं। जब उन्होंने लिखना शुरू किया था तब वह पंजाब में थे और हिंदी टाइप की सुविधा भी नहीं थी। हाथ से कितनी बार लिखकर संशोधन करते और फिर इतना सुंदर लिखते कि टाइप किए हुए की बजाय उनकी रचना पढ़ी जाए। वो बताते हैं कि आज का सोशल मीडिया का दौर ऐसा है कि दो चार पंक्तियां लिखीं और लाइक्स की इंतज़ार शुरू। हमें पत्रों का इंतज़ार रहता था, जो संभाले जा सकते थे। सोशल मीडिया सिर्फ एक मंच है, जिससे साहित्य का प्रचार प्रसार तो हो सकता है लेकिन यह दिखावे का और आत्ममुग्धता का मंच ज्यादा है। इस आत्ममुग्धता से बचने की जरूरत है। प्रचार के लिए, साहित्य के प्रमोशन तक रखा जाना चाहिए न कि इससे साहित्य से दूर तक जुड़ा रहा जा सकता है। आज लोग छोटी कहानियों और लघुकथा में फ़र्क नहीं कर पाते।


इनके बीच विभाजक रेखा खींचते हुए कमलेश भारतीय बताते हैं कि बिजली की कौंध की तरह अचानक लघुकथा आंखों में चमकती है और इसे जानबूझकर विस्तार नहीं दिया जा सकता। जबकि कहानी आकार में छोटी हो सकती है पर कहानी ही होती है। हिंदी साहित्य में अलग-अलग 'वाद' की दुकाने खुल गई हैं और हरेक साहित्यकार मेरी शर्ट उसकी शर्ट से ज्यादा सफ़ेद वाली स्थिति में रहता है। इस बारे में कमलेश भारतीय का मानना है कि 'वाद' शुरू से चलते आए हैं। आंदोलन चलते आए हैं। नई कहानी आंदोलन, समांतर कहानी, सचेतन कहानी, जनवादी कहानी आंदोलन लेकिन कहानियाँ वही चर्चित रहीं जो मानवीय संवेदना को छू पाईं। कमलेश्वर की राजा निरबंसिया, भीष्म साहनी की चीफ की दावत, अज्ञेय की रोज़ (ग्रैंग्रीन), धर्मवीर भारती की 'बंद गली का आखिरी मकान' , मोहन राकेश की 'मलबे का मालिक', ऊषा प्रियंवदा की वापसी, निर्मल वर्मा की दूसरी दुनिया और अन्य रचनाकारों की अनेक कहानियों को किसी वाद के साथ याद नहीं किया जाता बल्कि संवेदनशील होने के चलते याद किया जाता है। वाद को कोई याद नहीं रखता, पाठक कहानी को याद रखता है। तकनीकी क्रांति ने समाज को किताबों से दूर कर दिया है।

दूसरे प्रकाशक तानाशाह हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में लोग फेसबुक आदि पर अपनी रचनाएं डालते हैं या ऑनलाइन साहित्यिक चर्चाएं हो रही हैं। ऐसे में साहित्य की दिशा के संदर्भ में कमलेश भारतीय बताते हैं कि छपे हुए साहित्य से नई पीढ़ी दूर होती जा रही है। कमलेश भारतीय का कहना है-

*बस, इतना ही करना है और यह याद रखना*
*तुम ही हो एक मुसाफिर यह गुमान मत रखना*
*अपने पांव तले कभी आसमान मत रखना।*

### प्रकाशित पुस्तकें

कमलेश भारतीय की 18 किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। इनके कथा संग्रह महक से ऊपर, मस्तराम ज़िंदाबाद, इस बार, मां और मिट्टी, ऐसे थे तुम, जादूगरनी, शो विंडो की गुड़िया, एक संवाददाता की डायरी, दरवाजा कौन खोलेगा, इतनी सी बात, मैं नहीं जानता, नई प्रेम कहानी, सूनी मांग का गीत के अलावा यादों की धरोहर (साहित्यकारों से साक्षात्कार), मां और मिट्टी कथा संग्रह का नेपाली में अनुवाद, इतनी सी बात का पंजाबी में अनुवाद, लोग भूल जाते हैं (काव्य संग्रह), तथा 'मैं नहीं जानताश' प्रकाशित हो चुके हैं।



कमलेश भारतीय


### पुरस्कार व सम्मान

कमलेश भारतीय को 1992 में कहानी लेखन महाविद्यालय, अम्बाला छावनी द्वारा श्रेष्ठ लेखन पुरस्कार, 1999 में राज्यकवि स्वर्गीय परमानंद स्मृति सम्मान, 2008 में कैथल की साहित्य सभा की ओर से धीरज त्रिखा स्मृति पत्रकारिता सम्मान, फगवाड़ा में पंजाब हिंदी साहित्य अकादमी की ओर से स्वर्गीय डॉ. चंद्रशेखर स्मृति सम्मान, हरियाणा साहित्य अकादमी की ओर से 2010 में देशबंधु गुप्त साहित्यिक पत्रकारिता पुरस्कार आदि से नवाजा जा चुका है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम** : कमलेश भारतीय
**जन्मतिथि** : 17 जनवरी, 1952
**जन्म स्थान** : होशियारपुर (पंजाब)
**शिक्षा** : एमए ( हिंदी) , बीएड, प्रभाकर
**संप्रति** : प्राचार्य, लेखक, पत्रकार

# भीतर की शक्ति : नरेंद्र मोदी की नेतृत्व विरासत






**पुस्तक : भीतर की शक्ति : नरेंद्र मोदी की नेतृत्व विरासत**
**लेखक : आर. बालासुब्रमण्यम**
**मूल्य : 581 रुपये**
**प्रकाशक : पेंगुइन, भारत**

पुस्तक समीक्षा
**शिवेश प्रताप**

आज इस वैश्वीकरण के युग में हम एक ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़े हैं, जहां हमें यह एहसास होता है कि दुनिया के सामने मौजूद बहुस्तरीय लक्ष्यों, संकटों और समाजों में बढ़ती ध्रुवीकरण की स्थिति से निपटने के लिए केवल सत्ता आधारित नेतृत्व मॉडल ही पर्याप्त नहीं हैं। आज के दौर में हमें ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो न केवल इतिहास से सीखे, बल्कि उसमें स्वीकार्यता की क्षमता, व्यवहारिकता, सांस्कृतिक संवेदनशीलता और आध्यात्मिक परिपक्वता का समावेश हो। इन सभी गुणों से युक्त व्यक्तित्व को हम प्रबुद्ध नेतृत्व कह सकते हैं।

हम सभी भाग्यशाली हैं कि देश को 2014 में नरेंद्र मोदी के रूप में इन सभी गुणों से युक्त एक ऐसा नेता मिला जिसने तमाम प्रतिकूलताओं से घिरे वातावरण में भी आशा आकांक्षाओं का संचार इस देश में किया। आर. बालासुब्रमण्यम द्वारा लिखित 'Power Within: The Leadership Legacy of NarendraModi' पुस्तक नरेंद्र मोदी के इस अनूठे नेतृत्व को बारीकी से समझने और परखने का एक अवसर प्रदान करती है। पूरी पुस्तक में संस्कृत श्लोकों एवं धर्म शास्त्रों के विचारों को बड़े सुन्दर ढंग से मोदी जी के जीवन प्रसंगों से जोड़ा गया है। इस पुस्तक का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह मोदी जी के नेतृत्व को भारतीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं में निहित मानती है। लेखक ने इस पुस्तक में बताया है कि मोदी का नेतृत्व केवल भौतिक सफलता पर नहीं, बल्कि आध्यात्मिकता और कर्तव्य की भावना पर भी आधारित है। योग, ध्यान और भगवद गीता के शिक्षाओं के प्रति उनकी आस्था ने उनके शासन को आकार दिया है। वे एक कर्मयोगी के रूप में सेवा करते हैं, जो निःस्वार्थ भाव से, ईमानदारी और करुणा के साथ कार्य करते हैं, और न केवल मानव समाज अपितु सभी जीवों का आपसी जुड़ाव को महत्व देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व आधुनिक चुनौतियों का समाधान करते हुए भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक है। जो न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए एक शांति और सुख का मार्ग प्रस्तुत करती है। ऐसे अनिश्चित वैश्विक परिस्थितियों और समय में, मोदी का नेतृत्व एक आशा की दैदीप्यमान सूर्य की तरह चमकता है, जो कोटि कोटि भारतीयों को और विश्व के अन्यान्य लोगों को एक बेहतर और अधिक सामंजस्यपूर्ण भविष्य के लिए प्रेरित करता है। यह पुस्तक मोदी जी के नेतृत्व की विरासत को समझने और उसे सहेजने करने का एक सार्थक प्रयास है।

## खबर संक्षेप


भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को सम्मानित करते हुए जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा।

### यह जीत भाजपा की नीतियों की जीत

**सोनीपत।** जिला भाजपा इकाई ने पदाधिकारी व प्रभारियों का सम्मान किया। भाजपा के जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा ने विधानसभा में हुई भारतीय जनता पार्टी की जीत के उपलक्ष में सभी विधानसभा प्रभारियो व जिला के पदाधिकारी को सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष व सभी वरिष्ठ नेताओं ने मुख्यमंत्री नायब सैनी व सभी वरिष्ठ नेताओं का हार्दिक धन्यवाद किया। सभी ने एक स्वर मे कहा कि यह जीत बीजेपी की नीतियों की जीत है।

### सरपंच के घर से 80 हजार रुपये चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गोयला खुर्द गांव में सरपंच इशम के घर चोरी हो गई। सरपंच के भतीजे तरूण ने अनाज की खरीद के लिए अलमारी में 80 हजार की नकदी रखी थी। पांच दिन पहले ही काम पर आया नौकर मोनू नकदी चुराकर भाग गया। तरूण की शिकायत पर थाना बापौली पुलिस ने नौकर पर चोरी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### जेवर लेकर गायब हुई विवाहिता

**पानीपत।** पानीपत के गांव पलडी निवासी तीन बच्चों की मां घर में रखे जेवर व जरूरी कागजात लेकर गायब हो गई। पति का कहना है कि उसकी पत्नी किसी न किसी बात पर हर रोज झगड़ा करती थी। उसका व्यवहार भी बड़ी बेरुखा हो गया था। पति की शिकायत पर थाना इराना पुलिस ने केस दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

### कच्ची शराब बनाता पकड़ा, केस दर्ज

**पानीपत।** इसराना थाना पुलिस ने गांव काकौदा में अवैध कच्ची शराब बनाने के लिए लाहन तैयार करते आरोपी मंगत पुत्र जोगिंद्र को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने मौके से 85 लीटर लाहन बरामद किया है। थाना इसराना प्रभारी सब इंस्पेक्टर विनोद ने बताया कि मंगत अवैध शराब बनाने के लिए गांव में अपने प्लाट में लाहन तैयार कर रहा है।

### फायरिंग करने वाला युवक पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने आसन कला गांव में संदीप पुत्र बीरमपाल पर पिस्तौल से जानलेवा हमला करने मामले में फरार चल रहे दूसरे आरोपी मनीष उर्फ मोनू निवासी आसन कला को काबू किया है। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि मनीष को न्यायालय में पेश किया चार दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### मादक पदार्थ तस्कर पकड़ा, केस दर्ज

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने अनाज मंडी कट के सामने फ्लाई ओवर पुल के नीचे नाकाबंदी कर बाइक सवार नशा तस्कर वीरभान पुत्र जयचंद निवासी भागल कैथल हाल किरायेदार दत्ता कॉलोनी पानीपत को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे 107 ग्राम चरस बरामद हुई है। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज एएसआई नरेंद्र ने बताया कि आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में हुई प्रतियोगिता

# अंतर- सदनीय प्रतियोगिता में 200 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

- इस चारों सदनों से लगभग 120 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विविध राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर प्रतिभागियों ने अपने विचार रखे एवं सार्थक बहस की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में अंत सदनीय प्रतियोगिता हुई। इसमें चारों सदनों से लगभग 120 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विविध राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर प्रतिभागियों ने अपने विचार रखे एवं सार्थक बहस की। निर्धारित मानदंडों के आधार पर एआईपीपीएम समिति से आकृति, निमिषा मोर, दिशिका को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही यूनिसेफ समिति से अथर्व गोयल, पुन्या अग्रवाल, अद्विक को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। वहीं यूएनोडीसी, यूएनएचआरसी, यूएनएससी से हीया राजावत, गरिमा खत्री, मिशिका, शिवांजलि, चहक, आयुष्मान, अस्मी शर्मा, प्रेरित एवं वर्णिका को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अंदलीब जुहा ने प्रभनूर बेदी, सिद्धि ठाकुर, सहित सभी प्रतिभागियों के प्रति बेहतर प्रदर्शन एवं सहयोग के लिए विशेष आभार व्यक्त किया। बतौर मुख्य अतिथि कर्नल राजेंद्र कुमार हुड्डा एवं मीना हुड्डा मौजूदरहे। कर्नल हुड्डा ने विद्यार्थियों को एक जागरूक नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी, प्रधानाचार्य रोहित पंडा, मुख्याध्यापक एस.पी. सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।


राई। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

# समाज कल्याण शिक्षा समिति ने पांच प्रभुओं को भेजा आश्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

समाज कल्याण शिक्षा समिति व सब इंस्पेक्टर जगत सिंह द्वारा बेसहारा व मंदबुद्धि (प्रभु) को काबू कर आश्रम भेजने का अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत फिलहाल 5 प्रभुओं को आश्रम भेजा गया है, जिसके बाद प्रभुओं की कुल संख्या 217 हो गई है।

एक महिला कुंडली में मिली थी। पुलिस की मदद से महिला को सरकारी अस्पताल में ले जाया गया, जहां से मेडिकल करवाने के बाद आश्रम भेजा गया है। इसके अलावा दो प्रभु समाजसेवी मनोज दहिया को बहालगढ़ रोड पर मिले थे। मनोज दहिया ने इसकी सूचना आनंद कुमार को दी। जिसके बाद पुलिस के माध्यम से दोनों प्रभु को अपना घर आश्रम पूठ खुर्द भेजा गया। इसी प्रकार सेक्टर 13 मार्केट से एक व्यक्ति मिला, जिसकी एक टांग टूटी हुई थी। व्यक्ति ने अपना नाम टीटू बताया और 10-12 दिनों से सेक्टर 13 मार्केट में ही पड़ा था। वहीं एक प्रभु बड़वासनी के पास मिला, जिसने अपने आप को पानीपत का बताया था। सभी प्रभुओं को आश्रम भेजा गया है। इस अवसर पर सदर थाने के हेड कांस्टेबल पवन भी मौजूद रहे।



सोनीपत। प्रभुओं के साथ समिति के पदाधिकारी एवं अन्य।

## 1 लाख 25 हजार 182 मीट्रिक टन धान की खरीद

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

खरीफ सीजन के अंतर्गत जिला में धान और बाजरा की आवक के साथ ही सुचारू रूप से इनकी खरीद की जा रही है। सोनीपत जिला में 19 अक्टूबर सायं तक 01 एक लाख 25 हजार 182 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इनमें कॉमन धान 1846 मीट्रिक टन, ग्रेड-ए 1149 मीट्रिक टन, बासमती 197 मीट्रिक टन तथा 1509 किस्म 01 लाख 21 हजार 990 मीट्रिक टन शामिल है। इसके अलावा जिला की सभी खरीद केंद्रों पर अब तक किसान 750.1 मीट्रिक टन बाजरा लेकर पहुंचे है। जिसकी खरीद की जा चुकी है।

# कैडेट्स का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा बटालियन एनसीसी सोनीपत द्वारा ऋषिकुल विद्यापीठ स्कूल सोनीपत में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-119 का आयोजन किया गया। वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 18 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इसी के तत्वाधान में रविवार को कैंप कमांडेंट कर्नल अनुप रावत ने कैंप के उद्घाटन अभिभाषण पर अपने विचार व्यक्त किए। जिसमें उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए एनसीसी कैडेट्स को किन-किन खास बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया जाएगा उसको विस्तार से बताते हुए उन्होंने कैंप में उपस्थित सभी कैडेट्स को संबोधित किया। उन्होंने कैंप का मुख्य उद्देश्य बताते हुए कहा है कि कैंप के दौरान एनसीसी कैडेट्स के अंदर नेतृत्व गुणों का विकास करना, एक अच्छा नागरिक बनाना, मिलिट्री सब्जेक्ट की जानकारी और सेना के दिनचर्या के अनुसार छात्रों को अवगत कराना है। इसमें कैडेट्स को वेपन ट्रेनिंग, मैप रीडिंग, फायरिंग, ड्रिल, फील्ड क्राफ्ट बैटल क्राफ्ट, ऑब्सटेकल कोर्स, विभिन्न खेलों की स्पर्धा आदि का आयोजन किया जाएगा जिससे एनसीसी के कैडेट्स को नेतृत्व क्षमता का विकास होगा तथा सेना की दिनचर्या के बारे में अवगत होंगे और सेना को कैरियर के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने बताया की कैंप के दौरान सभी एनसीसी कैडेट्स को उत्कृष्ट दर्जे का प्रशिक्षण देने के लिए भारतीय सेना के श्रेष्ठ व पूर्ण रूप से प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर नियुक्त किए गए हैं। वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-119 को सुचारू रूप से संचालित करने के के लिए राजकीय आईटीआई सोनीपत के एनसीसी अधिकारी मेजर संजय श्योराण को कैंप एडज्युटेंट तथा कैम्प का लोक सम्पर्क अधिकारी नियुक्त किया गया है।


सोनीपत। शिविर में हिस्सा लेते प्रतिभागी कैडेट्स।

# शिविर में 308 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

रविवार को लाला जय नारायण धर्मशाला में विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं द्वारा बड़े स्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। विधायक पवन खरखौदा व महिला आयोग की प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिविर में पहुंचे। उन्होंने रिबन काटकर रक्तदान शिविर का औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने प्रांगण में एक पौधा भी रोपित किया। विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि समाज को जोड़ने और भाईचारे को बढ़ाने के लिए संगठनों द्वारा जो पहल की गई है, वह वाकई प्रशंसनीय है। पर्यावरण और भाईचारे को बढ़ावा देने में सामाजिक संगठनों का महत्वपूर्ण योगदान है। सामाजिक संगठनों के प्रयास से ही आने वाले पीढ़ियों को निश्चित तौर पर लाभ मिलेगा। सनातन संस्कृति को जिंदा रखने के लिए सदैव आगे बढ़कर कार्य करना चाहिए। उन्होंने स्वयं इस रक्तदान शिविर में रक्तदान किया। महिला आयोग प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने कहा कि जिस तरह इस रक्तदान शिविर में बुजुर्ग, युवा व महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली है। इससे पता चलता है कि समाज में दूसरों का जीवन बचाने के लिए काफी जागरूकता पैदा हुई है।



खरखौदा। रक्तदाता को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए मुख्य अतिथि।

# सोनीपत पहुंचा जर्मनी के विद्यार्थियों व शिक्षकों का दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जर्मनी से स्कूली विद्यार्थियों व शिक्षकों का दल दो सप्ताह के लिए स्कूल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत रविवार शाम सोनीपत पहुंचा। इनकी मेजबानी मुरथल स्थित श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल द्वारा की जाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मेहमानों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं व शिक्षा प्रणाली को करीब से समझने और सीखने का अवसर प्रदान करना है। जर्मन मेहमान इन दोनों स्कूलों के विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ उनके घर पर रहेंगे जिससे उन्हें भारत की पारिवारिक और सामाजिक जीवनशैली को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने का मौका मिलेगा। इस दौरान ये सभी भारत के विभिन्न सांस्कृतिक धरोहरों को देखने जाएंगे।


सोनीपत। जर्मनी से भारत पहुंचा दल।

# पौधरोपण कर पत्नी को दी श्रद्धांजलि

- खेमचंद प्रजापति अपनी स्व. पत्नी की पुण्यतिथि पर हर साल करते हैं पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

राष्ट्रीय कुम्हार महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी के मुख्य महासचिव खेमचंद प्रजापति ने रविवार को अपनी स्व. पत्नी की तीसरी पुण्यतिथि पर पौधारोपण किया। वे अपनी पत्नी की पुण्यतिथि पर हर साल पौधारोपण करते हैं। खेमचंद प्रजापति ने शहर की चोपड़ा कालोनी के वार्ड 16 में अपनी स्व. पत्नी संतोष देवी की पुण्यतिथि पर हवन किया। हवन के पुरोहित पंडित विजेंद्र शर्मा व राजदेव आर्य थे। यजमान खेमचंद प्रजापति के पुत्र व पुत्रवधू संदीप प्रजापति व उनकी धर्मपत्नी सुनीता देवी थे। हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसके बाद परिवार द्वारा स्व. संतोष देवी की याद में गुढ़ा रोड पर पापड़ी का पौधा लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। वे बोले कि हमें अपने स्वजनों के स्मृति दिवस पौधारोपण के साथ मनाने चाहिएं।


गोहाना। स्व. संतोष की स्मृति में पौधारोपण करते हुए परिजन। फोटो : हरिभूमि

# सड़क पर सामान रखने पर होगी कार्रवाई

- मिशन चौक क्षेत्र से गुड़मंडी तक के दुकानदारों के साथ सिटी थाना प्रभारी व जिला व्यापार मंडल ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सड़क पर अतिक्रमण के चलते जाम की समस्या परेशानी पैदा कर रही है। मुख्य बाजारों में शामिल मिशन चौक क्षेत्र में भी इसी वजह से जाम की समस्या बनी हुई है। इस समस्या से निपटने के लिए अतिक्रमण पर अंकुश लगाने का निर्णय लिया गया। इसे लेकर रविवार देर शाम सिटी थाना प्रभारी व जिला व्यापार मंडल ने व्यापारियों से बैठक की। शहर में अतिक्रमण मुसीबत बन चुका है। अब दुकानदार सडक़ किनारे बनी पीली पट्टी से भी आगे सामान रख रहे हैं। दुकानदारों ने फुटपाथ पर कब्जा कर रखा है, वहीं सडक़ की पीली पट्टी को पार करते हुए दुकानदार वाहन पार्किंग के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। जिससे जाम की समस्या बढ़ रही है। निगम अधिकारी भी ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जाम की समस्या से निपटने के लिए पुलिस कार्रवाई करने लगी है। एसीपी सिटी ने कच्चे क्वार्टर बाजार में बैठक की थी। अब सिटी थाना प्रभारी महेश कुमार ने मिशन चौक पर बैठक ली है। पुलिस ने गुड़ मंडी व मिशन चौक क्षेत्र में होने वाले अतिक्रमण से निपटने के लिए फैसला लिया है कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय सिंगला ने व्यापारियों से अतिक्रमण न करने की अपील की है। व्यवस्था बनाएं रखने में प्रशासन के सहयोग का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि दुकान के सामने बने नालों से आगे सामान रखा तो उन पर कार्रवाई की जाए।


सोनीपत। मिशन चौक पर पुलिस कर्मियों के साथ बैठक करते दुकानदार साथ में जिला व्यापार मंडल के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

# सरकार विरोधी लहर की बजाए कांग्रेस विधायक विरोधी लहर रही प्रबल : नरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



- दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डा. नरेश कुमार ने कहा

प्रदेश में भाजपा सरकार की सत्ता विरोधी लहर पर कांग्रेस विधायकों विरोधी लहर भारी पड़ गई, जिसके कारण कांग्रेस को कई सीटों पर नुकसान हुआ।

जबकि भाजपा ने तो विरोध को देखते हुए पार्टी अध्यक्ष तक की टिकट का काट दी। इससे भविष्य में हमें भी सबक लेने की जरूरत है। जनता के बीच रहने वाले और जनप्रिय प्रत्याशी को तरजीह दी जानी चाहिए। रविवार को खरखौदा आए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डा. नरेश कुमार ने यह बात कही। हरियाणा में चुनाव के बाद विपक्ष के नेता चुने जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि आला कमान की तरफ से काम का अंजाम देने के लिए पर्यवेक्षक भेजे गए थे, उनकी राय ली जा चुकी है, उस पर जल्द फैसला भी आ जाएगा। वह कहना चाहते हैं कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा निर्विवाद नेता हैं, इसे पक्ष और विपक्ष कोई नकार नहीं सकता है। लेकिन पार्टी हाईकमान जो फैसला लेगा उसे सम्मान दिया जाएगा। चर्चाओं में अन्य नाम पर चले होने पर डा. नरेश ने कहा कि चर्चाएं तो चलती रहती है, यह फैसला पार्टी के आला कमान के हाथों से होना है। विधायकों ने जो अपना पक्ष रखा है, उस पर ही फैसला लिया जाएगा, उनका ऐसा मानना है।

## लोहे का सामान चोरी करने का आरोपी काबू

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने प्लॉट से लोहे के सरिए चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमित उर्फ विक्की निवासी सुल्तानपुरी दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। कुंडली निवासी राज ने 18 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह सेक्टर-57 में ईमारत बनाने का काम कर रहा है। जहां पर सरिया रखा हुआ है। किसी ने करीब ढाई टन सरिया चोरी कर लिया। अपने स्तर पर सरिए की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए सिपाही विकास की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में होंगे विकास कार्य

# हरियाणा विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगा : बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली रविवार को सोनीपत में अपने कार्यालय पहुंचे और कार्यकर्ताओं से भेंट कर जीत की बधाई दी। बड़ौली ने कहा कि कार्यकर्ताओं का मान ही भाजपा की पहचान है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास और कड़ी मेहनत से ही जीत संभव हो पाई है और हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। प्रदेश अध्यक्ष ने विधायक निखिल मदान से भी शिष्टाचार भेंट कर जीत की शुभकामनाएं दी। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली गुरुदेव राजेंद्र कृष्ण के नवनिर्मित कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर पहुंचे और आशीर्वाद लिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा सरकार में सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ काम होता है। भाजपा की इसी नीति का परिणाम है कि हरियाणा की जनता ने तीसरी बार भाजपा को सेवा का मौका दिया है। कार्यकर्ताओं को जीत का श्रेय देते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से हमने तीसरी बार सरकार बनाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो हर कार्यकर्ता का सम्मान करती है और इस पार्टी में कोई भी कर्मठ कार्यकर्ता शीर्ष स्थान पर पहुंच सकता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अगले पांच सालों में हरियाणा विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगा।


विधायक निखिल मदान के साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली एवं अन्य।

**NOTICE**
I ,Sudesh Pahal D/o Sh. Ram Kishan W/o Sh. Hawa Singh Pahal R/o H.No 299, Sector-23, Sonipat, Haryana I have changed my name from Sudesh Pahal to Sunita Devi Pahal for all future purpous.

**खबर संक्षेप**

### घर में घुसकर सास और बहू को पीटा, मामला दर्ज

**खरखौदा।** सिसाना गांव में कई लोगों ने घर में घुसकर एक महिला व उसकी सास की पिटाई कर दी। प्रोमिला ने आरोप लगाते हुए कहा कि वह अपने घर में अपने परिवार के सदस्यों के साथ बैठी थी। तभी गाड़ी में राकेश देवी, प्रीति, राजेश, संतोष, रीना व अन्य तीन महिलाएं उसके घर के अंदर आ गई। उन्होंने उसकी सास के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने धमकी दी कि उनसे अपने 19 लाख 50 हजार रुपए मांगे तो जान से मार देंगे। राकेश देवी ने उसके घर से दो फोन, एक सोने की चेन, एक कान का बाला झगड़े के दौरान अपने साथ ले गई। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### दूसरे की जगह चालाकी से हस्ताक्षर किए, केस दर्ज

**गोहाना।** एसडीजेएम की अदालत में पेशी के दौरान एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के नाम के बड़ी चालाकी से हस्ताक्षर कर दिए। यह मामला संज्ञान में आने पर रीडर राजेश कुमार ने पुलिस को शिकायत दी। इस पर शहर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। वर्ष 2019 में सेक्टर सात में रहने वाले धीरज और अन्य पर मारपीट का आरोप लगा था। उनकी पत्नी की शिकायत पर तब शहर थाना में मामला दर्ज किया गया था। उस मामले में 23 सितंबर 2024 को एसडीजेएम की अदालत में पेशी थी। इस दौरान धीरज पेशी पर पहुंचा। उन्होंने पेशी के दौरान रोहतक में रहने वाली एक महिला के नाम के भी बड़ी चालाकी से हस्ताक्षर कर दिए। यह मामला संज्ञान में आने पर रीडर राजेश कुमार ने शहर थाना में शिकायत दी। इस पर धीरज के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया।

### सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत

**गन्नौर।** बाल भवन स्कूल के पास मोटरसाइकिल सवार की जी टी रोड के साथ खड़ी पिकअप गाड़ी में टक्कर हो गई। आरोप है कि पिकअप के चालक ने गाड़ी को बिना इंडीकेटर जलाए रोड के बीच में खड़ा कर रखा था। हादसे में टक्कर लगने से बाइक चालक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने के बाद घायल को परिजनों ने हॉस्पिटल में दाखिल कराया जहां चिकित्सकों ने उपचार के दौरान घायल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में रसूलपुर निवासी कृष्ण ने बताया कि वह और उसका चचेरा भाई सजंय सोनीपत काम से अलग-अलग मोटरसाइकिल पर जा रहे थे। जब सजंय गन्नौर जीटी रोड सिथत बाल भंवन स्कूल के पास पहुंचा तो पिकअप गाड़ी में सजंय की मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। पिकअप का चालक हादसे के बाद भाग गया। बड़ी थाना प्रभारी युद्धवीर ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया और पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# सुहागिनों ने चंद्रमा को अर्घ्य देकर किया अपने 'चांद' का दीदार

## करवाचौथ पर हुआ सामूहिक कथाओं का आयोजन, बाजार भी रहे गुलजार

करवाचौथ को लेकर महिलाएं काफी उत्साहित नजर आई और दिनभर दुल्हन की तरफ सजी रही।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** करवाचौथ के मौके पर सामूहिक पूजन करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

जिले भर में सुहागिनों का पर्व करवाचौथ रविवार को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिनों ने दिनभर निर्जला व्रत रखा और शाम को छलनी से चांद का दीदार कर अपने चांद की लंबी उम्र की कामना की। करवाचौथ को लेकर महिलाएं काफी उत्साहित नजर आई और दिनभर दुल्हन की तरफ सजी रही।

महिलाओं ने इससे पहले करवा चौथ की कहानी सुनी और शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना की। कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर रविवार को करवा चौथ पर्व पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिर, धार्मिक स्थलों व घरों में सामूहिक कथा का आयोजन किया गया। महिलाओं ने पहले करवा चौथ की कहानी सुनी व शुभ मुहूर्त में पूजा-अर्चना की। शहर में कई जगह सामूहिक कथा का आयोजन किया गया। रात 8 बजे के बाद आसमान में चांद दिखाई देते ही सुहागिनों ने उसका दीदार कर अर्घ्य दिया। सुहागिनों ने छलनी में से चांद का दीदार किया। इसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना कर पति का आशीर्वाद लिया। सुहागिनों ने बताया कि करवा चौथ की कथा सुने बिना व्रत अधुरा माना जाता है। उन्होंने आज अपने सुहाग की रक्षा के लिए भगवान से प्रार्थना की। सुहागिनों ने इसके बाद अपने बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। सुहागिनों की तर्ज पर शहर में कई कन्याओं ने भी करवा चौथ का व्रत रखा। इसमें वे कन्याएं भी शामिल रहीं, जिनका निकट भविष्य में विवाह होने वाला है। करवा चौथ पर्व को लेकर खरीदारी के लिए जहां शनिवार को शहर के मुख्य बाजार देर रात तक गुलजार रहे। सोनीपत के कच्चे क्वार्टर बाजार, गंज बाजार व गुड़ मंडी बाजार सहित गोहाना, गन्नौर व खरखौदा के मुख्य बाजार में अवकाश होने के बावजूद चहल-पहल का माहौल रहा। महिलाओं ने बाजार में खरीदारी कर जहां मेहंदी लगवाई, वहीं श्रृंगार के लिए ब्यूटी पार्लरों पर लाइन लगी रही। वहीं, रविवार को भी महिलाओं ने बाजार में पहुंचकर हाथों पर मेहंदी लगवाई। महिलाएं अपनी मनपसंद के डिजाइन लगवाती नजर आईं। कई जगह महिलाओं को मेहंदी लगवाने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। साथ ही महिलाएं साड़ियां तो कुछ चूड़ियां पसंद करती दिखीं। उधर कोई साड़ी-सूट के हिसाब से मेचिंग की चूड़ियों का मिलान करती दिखी। वहीं, ब्यूटी पार्लरों में सजने के लिए सुबह से ही महिलाएं अपने नंबर के अनुसार पहुंचने लगी। शाम होते-होते ब्यूटी पार्लरों पर महिलाओं की भीड़ रही।

### सेल्फी का भी दिखा क्रेज

करवाचौथ पर चांद दिखाई देते ही सुहागिनों ने अर्घ्य देने के बाद पूजा की। इसके बाद अपने पति के साथ सेल्फी भी ली। व्रत खुलने के बाद रात भर शहर में चहल-पहल दिखाई दी। करवाचौथ के अवसर पर बाजार में भी रौनक छाई रही। महिलाएं खरीदारी में व्यस्त दिखी। सुहागिनों में सेल्फी विद हस्बैंड का क्रेज दिखाई दिया। डीनर के लिए होटलों व रेस्टोरेंट में पहले से ही बुकिंग हो चुकी थी।

### महिलाओं ने सुनीं कथा

मॉडल टाउन में करवा चौथ व्रत को लेकर किवदंती वीरावती की कथा सुनाते हुए महिला ने बताया कि रानी वीरावती ने शादी के बाद इस व्रत को किया था। व्रत में चंद्रमा के दर्शन करने के बाद ही खाना खाने का रिवाज है। उन्हें इस व्रत को करने में कठिनाई हो रही थी। ऐसे में उनके सात भाइयों ने अपनी अकेली बहन वीरावती का भूखा रहना देखा नहीं गया तथा उन्होंने धोखे से उसका व्रता तुड़वा दिया। जिससे उनका पति बीमार हो गया और उसकी मृत्यु हो गई। देवी पार्वती के कहने पर वीरावती ने करवा चौथ का व्रत कर अपने पति का जीवन दोबारा पाया था।

### खूब बिके मिट्टी के करवे

चूड़ियां, नए कपड़े व सौंदर्य प्रसाधन की सामग्री के अलावा पूजन के लिए करवों की भी खूब बिक्री हुई। सुबह से ही बाजार में सजे हुए मिट्टी के करवों की डिमांड बढ़ गई। बाजार में मिट्टी के सजे करवे 50 से 100 रुपये तक बिके। महिलाओं ने मिट्टी से बने व घोटे से सजे करवों की खूब खरीदारी की। डिजाइनर सजी थाली की भी काफी मांग रही। इस थाली में करवा, पूजा प्लेट, दिया व छलनी शामिल रहे। इनकी कीमत 150 से लेकर 250 रुपये तक रही। कुछ महिलाएं करवा सजाने के लिए बाजार में अलग से सजावट का सामान खरीदती दिखी।



**सोनीपत।** गोशाला में पहुंचे गोभक्त। फोटो : हरिभूमि

# करवा चौथ पर्व पर की गोमाताओं की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ सेवा कार्य करने के उपरांत सामान्य गोमाताओं को 12 बोरी हरा चारा व ढाई किलो गुड़ खिलाया

करवा चौथ पर्व के अवसर पर गौ भक्तों ने जटवाड़ा स्थित गोशाला में बीमार गोमाताओं की सेवा की। प्राध्यापकों व समाजसेवकों न चारा खिलाना, पानी पिलाना, गोबर उठाना, बाड़े में झाड़ लगाना, ताजा हरा चारा डालना, खुर्रा फेरा आदि काम करते हुए गऊ सेवा की। सेवा कार्य करने के उपरांत सामान्य गोमाताओं को 12 बोरी हरा चारा व ढाई किलो गुड़ खिलाया गया।

हिंदी अध्यापिका गीता ने बताया कि करवा चौथ त्यौहार महिलाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है महिलाएं अपने पति की लम्बी उम्र के लिए व्रत रखती हैं। दिलबाग सिंह प्राध्यापक ने कहा कि हम सभी को मूक प्राणियों की सेवा करनी चाहिए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर विकास कुमार, कुसुम गहलावत, गणित प्रवक्ता संजय कुमार, पूर्ण सिंह प्राध्यापक, सरोज रानी आदि मौजूद रहे।



**राई।** प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## डांस में विद्यार्थियों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

**राई।** रेणु विद्या मंदिर बहालगढ़ में आयोजित डांस प्रतियोगिता में करीब 200 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के छात्र च छात्राओं ने सोलो, ग्रुप डांस, सामान्य एवं दिव्यांग की श्रेणियों में विभिन्न प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डांस दीवाने सीजन 4 के विजेता गौरव शर्मा, मेहबूब खान, और नेशनल प्राइड अवार्ड 2023 एवं इंडस्ट्री लीडर अवार्ड 2022 के विजेता ललित कुमार शामिल थे। कार्यक्रम के मुख्यातिथि संस्था के चेयरमैन नानक चंद गुप्ता, प्रधानाचार्य डा. प्रमोद कुमार कुल्हाड़े ने सभी प्रतिभागियों को उनकी मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शनों के लिए प्रशंसा करते हुए पुरस्कार प्रदान किए। राजेंद्र मुरथलिया अध्यक्ष अग्रवाल वेलफेयर सोसाइटी शालीमार बाग दिल्ली, देवेंद्र तायल चेयरमैन मुस्कान सेवा समिति दिल्ली विशेष अतिथि शिरकत की। चेयरमैन नानक चंद गुप्ता ने कहा इस प्रतियोगिता ने विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का काम किया है।

### अर्ध सैनिक मेगा मार्ट गोदाम में चोरी, केस दर्ज

**गन्नौर।** अर्ध सैनिक मेगा मार्ट के गोदाम से चोर शटर उखाड़ कर हजारों रुपये का समान चोरी कर ले गए। शिकायत में आर्य नगर पानीपत निवासी अनिल पहल ने बताया कि रेलवे रोड स्थित मूलचंद अस्पताल के सामने उसका अर्ध सैनिक मेगा मार्ट का गोदाम है। उसका गोदाम दो दिन से बंद था। 19 अक्टूबर की सुबह आया तो उसके गोदाम का स्टर साइड से टूटा हुआ था। उसे चोरी का शक हुआ, उसके बाद अंदर जा कर देखा तो अंदर से टी शर्ट, कुकर, जूते, शेम्पू की बोतल, बर्तन, ट्रॉली व अन्य समान गायब था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## कृषि विज्ञान केन्द्र ने छात्रों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा पराली प्रबंधन को लेकर कैलाना गांव के राजकीय स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केन्द्र की डा. विवेक सिंह से स्कूल के विद्यार्थियों को बताया वे अपने अभिभावकों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान के प्रति अवगत करवाएं। पराली जलाने से वायुमंडल में जहरीली गैस कार्बन डाइआक्साइड,कार्बन मोनोक्साइड, नाइट्रस आक्साइड व सल्फर आक्साइड पैदा होती है, जो मानव स्वास्थ्य व सभी जीव जन्तुओं के लिये अत्यन्त हानिकारक है।

परियोजना के नोडल अधिकारी डा. कलदीप दहिया ने बच्चों को बताया कि पराली को नष्ट करने के लिए कृषि यन्त्रों का प्रयोग करें। किसान अपनी सुविधा अनुमार व खेत की परिस्थिति अनुसार रोटावेटर, टिलेज मशीन, हैप्पी सोडर, सुपर सीडर, स्ट्रार मन्यार व स्ट्रा चौपट का प्रयोग करें। केन्द्र के वैज्ञानिक ने बच्चों को मौसम सम्बन्धित स्कीम के पूरे विस्तृत जानकारी दी। प्राध्यापक संचिता, धर्मवीर दहिया,पूजा, संजय, मुकेश ने भी बच्चों को पराली जलाने के दुष्प्रभावों के बारे में बताया।



**गन्नौर।** जागरूकता प्रतियोगिता के दौरान केन्द्र के डा. व शिक्षकों के साथ छात्र । फोटो : हरिभूमि

### सोशल मीडिया पर कुमारी शैलजा को अपशब्द कहे

**गोहाना।** सदर थाना गोहाना की पुलिस ने कुमारी शैलजा को सोशल मीडिया पर अपशब्द कहने वाले व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बरवाला में पुलिस को श्री गुरु रविदास सभा के पदाधिकारियों ने शिकायत दी थी। डीएसपी ने यह शिकायत थाना सदर गोहाना को फॉरवर्ड की है। सदर थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। श्री गुरू रविदास सभा के पदाधिकारी वीरेंद्र ने बरवाला में डीएसपी को 26 सितंबर को शिकायत दी गई थी। शिकायत में सोशल मीडिया के चैनल पर एक व्यक्ति की तरफ से सांसद कुमारी शैलजा को गाली देने की वीडियो प्राप्त होने का हवाला दिया था।

## खेलो से होता है मानसिक व शारीरिक विकास : नेहरा



**गन्नौर।** भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए साथ में अन्य। फोटो : हरिभूमि

■ क्रिकेट के फाइनल मैच में स्काई इलेवन ने जीत दर्ज की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

स्पोर्ट्स क्लब द्वारा ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता हुई। भाजपा नेता आजाद नेहरा व विशिष्ठ अतिथि महाबीर शर्मा व श्रवण कौशिक भुर्री ने शिरकत की। प्रतियोगिता में विभिन्न 10 टीमों ने हिस्सा लिया। रविवार को फाइनल मैच स्काई इलेवन पानीपत और हंड्रेड न्यूट्रिशन क्लब गनौर के बीच खेला गया जिसमें पहले खेलते हुए स्काई इलेवन ने 180 रन 7 विकेट के नुकसान पर 20 ओवर में बनाए, लक्ष्य का पीछा करने उतरी हंड्रेड न्यूट्रिशन क्लब गनौर ने 154 रन 10 विकेट देके ऑल आउट हुई और इस मैच में स्काई इलेवन ने जीत दर्ज की। मेन ऑफ द सीरीज अमनदीप पवार रहे। मुख्यातिथि भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देते हुए ऐसे ही आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेलो से मानसिक और शारीरिक विकास होता है और युवा नशे से दूर रह कर देश का नाम रौशन करता है। इस अवसर पर विनोद भारद्वाज, योगेश क्रिकेट कोच, पुष्पेंद्र शूटिंग कोच, राजेश, रमेश, विजय, रवि, दीपांशु आदि मौजूद थे।

## भगवान वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से भारतीय संस्कृति की नींव रखी : कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान का समिति के पदाधिकारी स्मृति चिन्ह देकर सम्मान करते हुए।

महर्षि वाल्मीकि भवन कल्याण समिति शाहपुर तगा की ओर से भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को वाल्मीकि मंदिर व आश्रम में वाल्मीकि जी का सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ मुख्य मेहमान विधायक देवेंद्र कादियान व सुभाष नाथ महाराज ने किया। भजन मंडली के द्वारा भगवान वाल्मीकि जी का गुणगान किया गया।

भगवान वाल्मीकि आओ, प्रकट दिन खुशियां दा कुल आलम नचदा... भजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। सम्मान समारोह में समिति पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित विधायक देवेंद्र कादियान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से भारतीय संस्कृति की नींव रखी है। हम सबको उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए समाजसेवा के कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि इंसान की अगर इच्छा शक्ति उसके साथ हो तो कोई भी काम बड़े आराम से कर सकता है। अपनी इच्छा शक्ति से ही वह अपने मार्ग पर आगे बढ़ता है। इस दौरान विशाल भंडारा भी लगाया गया।

### ये रहे मौजूद

समिति प्रधान मुकेश सौदा, भगत सिंह, अशोक चौहान, संजय कुमार, बॉबी हठवाल, राजपाल, जयवीर सौदा, नरेश, बलराम, जयसिंह, रामदास, राकेश, राजकुमार, श्याम, सुनील आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**बरगद, नीम और बेलपत्र के पौधे रोपे**

## समाज कल्याण संगठन ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



समाज कल्याण संगठन ने गोहाना को ग्रीन सिटी बनान के अपने साप्ताहिक अभियान में रविवार को 16 पौधे रोपे। अभियान के तहत नगर परिषद कार्यालय से कर दीनबन्धु छोटूराम चौक तक, मेन सिविल रोड और बरोदा रोड रेलवे फाटक से लेकर रेलवे स्टेशन लिंक रोड के साथ फुटपाथ की खाली जगह में पौधारोपण किया गया। समाज कल्याण संगठन ने गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के लिए गोद ले रखा है। इसके लिए संगठन द्वारा साप्ताहिक पौधरोपण अभियान के तहत डेढ़ दशक से शहर में सार्वजनिक स्थलों पर और सडक्रों के साथ फुटपाथ की खाली में पौधारोपण किया जाता है। इस क्रम में रविवार को उपरोक्त जगहों पर बरगद, नीम, बेलपत्र और चक्रेसिया के 16 पौधे रोपे गए। पौधों को पशुओं से सुरक्षा के लिए ट्री गार्डों में संरक्षित किया गया। पौधारोपण में मुकेश कुमार, सुनील, अजीत चौहान, अभिमन्यु शर्मा, परवीन, मनोज, हरीश, सुभाष और जगदीश ने अपनी सेवाएं दी।

### भाजपा ने पर्ची-खर्ची का चलन जड़ से खत्म किया:प्रदीप सांगवान



गोहाना। बरोदा विधानसभा के पूर्व उम्मीदवार प्रदीप सांगवान ने कहा कि भाजपा की नायब सरकार ने सभी नौकरियां बिना पर्ची और खर्ची के दी हैं। भाजपा ने प्रदेश में अपनी सत्ता आने के बाद नौकरियों में पर्ची-खर्ची के चलन को जड़ से खत्म कर दिया। अब प्रदेश में योग्य युवाओं को नौकरियां मिल रही हैं। वे गांव एसपी माजरा में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रदीप सांगवान ने रविवार को गांव रभड़ा, बलि, कटवाल और एसपी माजरा में धन्यवादी दौरा किया। उन्होंने कहा कि पहले गरीब लोगों को अपने बच्चों को नौकरियां लगवाने के लिए अपनी जमीन तक बेचनी पड़ती थी। लेकिन भाजपा ने इस चलन को ही खत्म कर दिया। इस मौके पर डॉ. राजसिंह सांगवान, अजीत सांगवान, डॉ. राममेहर राठी, सूरत सिंह, आजाद जागसी,चेयरमैन प्रदीप खरब, पार्षद तकदीर नरवाल, एडवोकेट संतराम बाल्मिकी, सुरेंद्र जवाहरा, अनूप कुंडू, शीतल, मोहित बाल्मिकी, सरपंच दर्शन गौड़, सुधीर शर्मा, सरपंच बसंत, सत्यवान आर्य, मंगली राम, विकी जसराना, मनु मालिक और सोनू मलिक आदि उपस्थित रहे।

### पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेने से कौशल विकास में सहायता



**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पिपली में महिला प्रकोष्ठ द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता प्राचार्या डॉ. तराना नेगी की देखरेख में कराई गई। जिसका आयोजन महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ संगीता मान द्वारा किया गया। प्राचार्या ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेने से पढ़ाई के साथ साथ विभिन्न प्रकार के कौशल विकास में सहायता मिलती है। एसोसिएट प्राध्यापिका किरण सरोहा ने भी विद्यार्थियों के कौशल की सराहना की। प्रतियोगिता में नो टीमों ने भाग लिया। जिसमें पहला स्थान करीना- इशू, दूसरा स्थान महक- रोमा तथा तीसरा स्थान सुजीता- योगिता को दिया गया। शिवानी - पूजा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका गीता शर्मा, मधुलता व नीरा ने निभाई।